यूफ्लैक्स के कर्मियों का टीकाकरण शुरू

सेक्टर-4 स्थित यूफ्लैक्स में टीका लगवाते चेयरमैन अशोक चतुर्वेदी ● सौ. दिनेश जैन

जासं, नोएडा: यूफ्लैक्स लिमिटेड ने अपने छह हजार कर्मियों को निशुल्क टीका लगाने का कार्य कैलाश अस्पताल के चिकित्सकों संग शुरू किया है। शनिवार को कंपनी के चेयरमैन अशोक चतुर्वेदी ने सबसे पहले टीका लगवाकर कर्मचारियों के बीच संदेश दिया कि वैक्सीन लगवाना जरूरी है। वैक्सीनेशन का कार्य पांच जून तक चलेगा। कंपनी ने एक छोटा आक्सीजन प्लांट भी फैक्ट्री में लगाना शुरू कर दिया है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए वेंटिलेटर, आक्सीजन कंसंट्रेटर, आक्सीजन सिलेंडर भी खरीदे है। जिन कर्मचारियों को इनकी जरूरत है, वह मुहैया कराया जा रहा है। इस मौके पर कंपनी के कानूनी और कारपोरेट मामले के अध्यक्ष दिनेश जैन भी उपस्थित रहे।

अमर उजाला

30 May 2021